



MS. RANI

Ms. Rani is one of the best women hockey players in the world. Currently, she is captain of the Indian women's hockey team. She plays as a forward and has represented the country in over 200 matches since 2009.

2. Born on 4th December, 1994, Ms. Rani made her debut in 2009. In the debut year, she was adjudged the top goal scorer and the young player of the tournament in the Champion's Challenge tournament held in Kazan, Russia. She played a pivotal role in the Asia Cup 2009 to help India clinch a silver medal.

3. Ms. Rani was nominated in the International Hockey Federation (FIH) Women's All-Star Team of 2010 after the Commonwealth Games and Asian Games. Under her leadership, the Indian women's hockey team clinched a silver medal at the 2018 Asian Games. She was a part of the Indian women's hockey team which clinched a bronze medal in 2014 Asian Games.

4. Ms. Rani was a part of the Indian team for the 2017 Women's Asian Championship which won the title. She was India's flag-bearer for the closing ceremony of the Asian Games 2018 and worked as assistant coach with Sports Authority of India (SAI).

5. Ms. Rani is the recipient of the Arjuna Award by Ministry of Sports, Government of India and also Bhim Award by Haryana Government. She was conferred the 'Best young player of the tournament Award' at the Women's Hockey World Cup in 2010. She was also adjudged the player of the tournament at the 2013 Junior World Cup. Rani helped India win their first bronze medal in 2013 Junior World Cup. Under her leadership Indian Woman Hockey Team achieved 4th position in the Tokyo Olympics, 2020. She is also adjudged as World Games Athlete of the year 2019.





सुश्री रानी

सुश्री रानी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला हॉकी खिलाड़ियों में से एक हैं। वर्तमान में, वह भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान हैं। वह फॉरवर्ड के रूप में खेलती हैं और उन्होंने 2009 के बाद से 200 से अधिक मैचों में देश का प्रतिनिधित्व किया है।

2. 4 दिसंबर, 1994 को जन्मी सुश्री रानी ने 2009 में अपने हॉकी जीवन की शुरुआत की थी। पदार्पण वर्ष में, उन्हें रूस के कजान में आयोजित चौंपियंस चौलेंज टूर्नामेंट में शीर्ष गोल स्कोरर और टूर्नामेंट का युवा खिलाड़ी चुना गया था। एशिया कप 2009 में भारत को रजत पदक दिलाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

3. सुश्री रानी को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के बाद 2010 की अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी संघ (एफआईएच) महिलाओं की ऑल–स्टार टीम में शामिल किया गया था। उनके नेतृत्व में, भारतीय महिला हॉकी टीम ने 2018 एशियाई खेलों में रजत पदक जीता। वह 2014 के एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा थीं।

4. सुश्री रानी 2017 महिला एशियाई चौम्पियनशिप में खिताब जीतने वाली भारतीय टीम का अंग थी। वह एशियाई खेल 2018 के समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक थी और उन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सहायक कोच के रूप में काम किया था।

5. सुश्री रानी को खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार और हरियाणा सरकार द्वारा भीम पुरस्कार प्रदान किया गया है। उन्हें 2010 में महिला हॉकी विश्व कप में टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्हें 2013 के जूनियर विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया था। रानी ने 2013 के जूनियर विश्व कप में भारत को अपना पहला कांस्य पदक जीतने में मदद की। उनके नेतृत्व में भारतीय महिला हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक, 2020 में शानदार प्रदर्शन करते हुये चौथा स्थान प्राप्त किया। उन्हे वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर, 2019 भी घोषित किया गया है।